अमर उजाला 24/02/2023

# भारतीय सेना में कॅरिअर के लिए युवाओं को किया प्रेरित

## कैडेट्स को भर्ती संबंधी विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज छावनी की एनसीसी की दोनों इकाइयों ने वीरवार को एक व्याख्यान आयोजित किया। इसके अंतर्गत दो हरियाणा एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रेम सिंह ने भारतीय सेना में भर्ती संबंधी अनेक योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के स्वागत भाषण से हुई।

डॉ. दत्त ने एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना है कि आज के युवा के लिए भारतीय सेना में कॅरिअर की बहुत ही अहम भूमिका है। कर्नल प्रेम सिंह ने व्याख्यान में भारतीय सेना में प्रवेश पर भर्ती संबंधी अनेक तकनीकी व गैर तकनीकी योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया। डॉ. एसएस नैन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की समाप्ति डॉ. अनुपमा सिहाग ने धन्यवाद प्रस्तुति के साथ की। इस विस्तार व्याख्यान में डॉ. एसएस नैन ने जी-20 रेसिडेंसी से संबंधित सवालों का भी उत्तर दिया।



जीएमएन कॉलेज में कैडेट्स को जानकारी देते कर्नल प्रेम सिंह और अन्य। संवाद